हिन्दुस्तान epaper

सतर्कता : लखनऊ समेत सात शहरों में मास्क पहनना अनिवार्य

19/04/2022

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और लखनऊ में सार्वजनिक स्थानों पर मास्क लगाया जाना अनिवार्य किया जाए। इसके बाद अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने इन जिलों के डीएम व एसपी को मास्क अनिवार्य करने के आदेश जारी कर दिए।

मुख्यमंत्री सोमवार को टीम -9 के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिया है कि इन जिलों में टीकाकरण से छूटे लोगों को चिह्नित कर उनका टीकाकरण किया जाए। प्रदेश में बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना के 115 नए मरीज मिले। इस समय प्रदेश में 695 सक्रिय मरीज हैं।

देश में अब कोरोना की चौथी लहर की आहट

नई दिल्ली। देश में कोरोना संक्रमण में फिर बढ़ोतरी का रुझान है। सोमवार को एक महीने के बाद संक्रमितों की संख्या दो हजार से अधिक दर्ज की गई है। विशेषज्ञ इसे चौथी लहर की आहट मान रहे हैं। **ब्योरा**

कोविड पॉजिटिव कर्मियों को एक माह की सीएल

लखनऊ। कोविड की वजह से कर्मचारियों को कार्यालय से अनुपस्थित अवधि के लिए विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कैलेंडर वर्ष में देय अवकाश से अतिरिक्त होगा। **ब्योरा**

कक्षा नौ से ऊपर के अनाथ बच्चों को लैपटॉप

लखनऊ। कोरोना संक्रमण से अपने अभिभावकों को खो चुके निराश्रित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत लैपटॉप दिया जाएगा। योजना के तहत पंजीकृत 9वीं या इससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ रहे विद्यार्थी पात्र होंगे। 2000 पात्र विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। इस योजना में 8 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ये निर्देश सोमवार को सामाजिक सुरक्षा सेक्टर की कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण के दौरान दिए। **ब्योरा**